ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE
24, AKBAR ROAD, NEW DELHI
COMMUNICATION DEPARTMENT

Highlights **09 August, 2020**

Shri Rahul Gandhi, former Congress President, gave the video messages as part of the #RozgarDo campaign today.

श्री राहुल गांधी ने कहा कि भाइयों और बहनों नमस्कार। जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने थे, उन्होंने देश के युवाओं से वायदा किया था कि वो दो करोड़ युवाओं को हर साल रोजगार दिलवाएंगे। बहुत बड़ा सपना दिया। सच्चाई निकली- 14 करोड़ लोगों को नरेंद्र मोदी जी की पॉलिसीज (नीतियों) ने बेरोजगार बना दिया है। ये क्यों हुआ- गलत पॉलिसीज के कारण।

नोटबंदी, गलत जीएसटी और फिर लॉकडाउन। इन तीन कदमों ने हिंदुस्तान के इकनॉमिक स्ट्रक्चर को खत्म कर दिया है, नष्ट कर दिया है और अब सच्चाई ये है कि हिंदुस्तान अपने युवाओं को रोजगार नहीं दे सकता है। इसीलिए यूथ कांग्रेस जमीन पर उतर रही है और मुझे बहुत खुशी है कि इस मुद्दे को यूथ कांग्रेस हर कस्बे में सड़कों पर उठाएगी और पूरे दम से इस मुद्दे को उठाने जा रही है।

"रोजगार दो प्रोग्राम" से आप सब जुड़िए और यूथ कांग्रेस के साथ मिलकर देश के युवाओं को रोजगार दिलवाइए।

अंत में मैं यूथ कांग्रेस को बधाई देना चाहता हूं, आपका स्थापना दिवस है, लगे रहिए, हिंदुस्तान के युवाओं के लिए लड़िए।

धन्यवाद, जय हिंद।

Sd/-
(Dr. Vineet Punia)
Secretary
Communication Deptt,
AICC